साप्ताहिक
बुलंद गोंदिया
खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R.No.: **MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 3 । अंक : 43 | गोंदिया : गुरुवार, दि. 1 जून से 7 जून 2023 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : रु. 5

9 वर्ष के कार्यकाल में केंद्र की मोदी सरकार ने बनाया एक नया भारत- सांसद सुनील मेंढे

बुलंद गोंदिया। केंद्र में मोदी सरकार के आज 9 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सांसद सुनील मेंढे द्वारा आयोजित पत्र परिषद में मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों वह विकासात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि 9 वर्षों के कार्यकाल में मोदी सरकार द्वारा देश के सभी क्षेत्रों में एक बड़ी छलांग लगाई है। वह देश के नागरिकों के कल्याण से लेकर विश्व स्तर तक भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का कार्य किया है।

आगे उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पहले 5 साल के सफल कार्य के पश्चात मोदी के नेतृत्व पर जनता द्वारा विश्वास व्यक्त करते हुए दूसरा अवसर दिया जिसे आज देश की सर्व सामान्य जनता के जीवन में भारी परिवर्तन आया है। गत 9 वर्षों के दौरान भंडारा- गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के विकास के साथ-साथ मोदी सरकार द्वारा सकारात्मक परिवर्तन कर एक नए भारत का निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व किए गए कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाएंगी। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से आज तक अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सामान्य जनता के जीवन में भी भारी बदलाव आया है जिसमें जनधन योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्टार्ट ऑफ इंडिया, जन औषधि केंद्र, हर घर जल योजना, डीबीटी योजना, एक देश एक सीधापत्रिका, फसल बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना ऐसी विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही लाखों किलोमीटर के महामार्ग व उड़ान पुल का निर्माण, मेट्रो रेलवे स्टेशन का जाल ,वंदे भारत एक्सप्रेस ,गति शक्ति योजना ,डिजिटल क्रांति आदि के माध्यम से देश का विकास हो रहा है। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है भारत सबसे युवा देश के रूप में सबका साथ सबका विकास के जुनून के साथ एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। कोविड काल के दौरान मोदी द्वारा किए गए कार्यों को कोई भुला नहीं पाएंगा मास्क हो या वैक्सीनेशन प्रोडक्शन व कोविड-19 फ्री वैक्सीनेशन ,फ्री राशन 80 करोड़ लोगों को इस संकट से बाहर निकालने साथ ही लोकसभा सदस्य होने के नाते इन सभी योजनाओं मैं मेरा सहयोग होना यह सौभाग्य की बात है। साथ ही भंडारा गोंदिया लोकसभा क्षेत्र इन दोनों जिलों में शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय, बिल्सी विमानतल से यात्री यातायात की सुविधा, 25 करोड़ की लागत से गोंदिया तुमसर और भंडारा रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण कार्य, 400 करोड़ के निवेश से मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पोर्ट का निर्माण तथा इसके लिए लगने वाली 100 एकड़ से अधिक भूमि का चयन किया जा रहा है। साथ ही 1646 करोड़ रुपए के 288 किलोमीटर राष्ट्रीय महामार्ग का कार्य पूर्ण हो चुका है साथ ही उड़ान पुल व अन्य मार्गों का भी कार्य शुरू है। आज जी-20 की अध्यक्षता भारत के पास है यह हमारे लिए एक गर्व की बात है। हम आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे हैं तथा 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है, साथ ही राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 को हटाना और नए संसद भवन का निर्माण ऐतिहासिक शान है भारत को सर्वोच्च गौरव की ओर ले जाने के लिए केंद्र सरकार तैयार है। आयोजित पत्र परिषद के अवसर पर पूर्व विधायक रमेश कुथे, भाजपा शहर अध्यक्ष सुनील केलंका, जिला महामंत्री संजय कुलकर्णी पूर्व नगराध्यक्ष अशोक इंगले आदि उपस्थित थे।

सर्व शिक्षा अभियान में कार्यरत कर्मचारियों के मानधन में 50% वृध्दि करें

विधायक विनोद अग्रवाल ने की शिक्षामंत्री से भेंट

बुलंद गोंदिया। राज्य में समग्र शिक्षा अंतर्गत 6080 कर्मचारी 15 से 20 साल से कंत्राटी पद्धती से कार्य कर रहे है। जिनके मानधन में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि होना अपेक्षित है। लेकिन पिछले 5 वर्ष से किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी समग्र शिक्षा अंतर्गत कार्य कर रहे कंत्राटी कर्मचारियों के लिए नही की गई। मानधन बढ़ाने का संपूर्ण अधिकार प्रधान सचिव शालेय शिक्षण इनके पास रह भी मानधन में बढ़ोतरी की प्रतीक्षा खतम होने का नाम नही ले रही. इसका संज्ञान लेते हुए गोंदिया विधानसभा के विधायक विनोद अग्रवाल ने मंत्रालय मुंबई में राज्य के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर से भेट कर समग्र शिक्षा अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के मानधन में 50 प्रतिशत वृद्धि करने की मांग की है। इस दौरान सभा में राज्य के शिक्षा सचिव व प्रकल्प संचालक उपस्थित थे। मानधन वृद्धि से राज्य शासन पर अतिरिक्त भार नही आएगा - विधायक विनोद अग्रवाल

भारत सरकार द्वारा पीएबी नुसार 8403 .33 लाख रुपयों का प्रावधान किया गया है. वर्तमान में राज्य व जिल्हा स्तर पर व्यवस्थापन अंतर्गत कार्यरत 706 कर्मचारियो को मानधन के लिए अंदाजन 3681 .43 लाख रुपये खर्च होते है। कर्मचारियों के 50 प्रतिशत मानधन वृद्धि से अंदाजन 5193 .47 लाख रुपये खर्च होंगे इसलिए खर्च मंजूर प्रावधान से करने पर राज्य शासन पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नही आएगा ऐसा विधायक विनोद अग्रवाल ने शासन को अवगत कराया है।

गुमाधावडा में अवैद्य शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही करें

» महिलाओं ने थानेदार को सौंपा ज्ञापन

बुलंद गोंदिया। (संवाददाता तिरोड़ा)- तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम गुमाधावड़ा में गत 2 वर्षों से अवैध शराब का व्यवसाय बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिस पर कार्रवाई करने की मांग का ज्ञापन गुमाधावड़ा के महिला मंडल द्वारा तिरोड़ा के पुलिस निरीक्षक को देखकर की है। निवेदन में मांग की गई कि गुमाधावड़ा में गत 2 वर्षों पूर्व ग्राम संपूर्ण शराबबंदी के रूप में जाना जाता था जिसके चलते ग्राम में शराब पीने वाले व्यक्तियों की संख्या में काफी कमी आ गई थी, किंतु गन 2 वर्ष पूर्व ग्राम की 2 महिला व पुरुषों द्वारा अवैध रूप से शराब भट्टी का निर्माण कर शराब की बिक्री की जा रही है। जिससे शराब पीने वालों की संख्या में बढ़ोतरी होने के साथ ही युवा पीढ़ी भी इस व्यसन की चपेट में आ रही है। जिससे ग्राम की शांतता भंग हो रही है साथ ही घर के पुरुषों द्वारा शराब का सेवन किए जाने से घर की आर्थिक स्थिति व महिलाओं को मानसिक त्रास का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते आए दिन विवाद होने के साथ मारपीट की घटना भी घटित होती है इन सब पर लगाम लगाने व ग्राम में अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही उपरोक्त कार्रवाई में ग्राम पंचायत समिति द्वारा भी पूर्ण रूप से सहयोग करने को तैयार है। उपरोक्त निवेदन देने वालों में पदमा रंगारी, प्रतिमा कोकड़े, वीणा वरखड़े, मंदा सुकलाल, अनिल भगत, बबीता मेश्राम, हीरावंती राहंगडाले, सीमा कोकुड़े, ताराबाई बढ़गे ,बबीता मेश्राम, कल्पना पूराम, वैशाली पूराम, पूनम कोकुड़े, आशा टेकाम, पुस्तककला मौजे, अनीता इनवाते, निर्मला ऊके, प्रमिला वाघाडे, कलावंती ऊईके, पल्लवी वालदे, रेखा टेकाम, सविता डोंगरे, पंचकूला कोकुड़े, सहित बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं उपस्थित थी।

जल संकट कार्यक्रम के तहत 310 मरम्मत कार्यों को प्रशासनिक मंजूरी - जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे

गोरेगांव व सालेकसा तहसील का समावेश 40 लाख का बजट स्वीकृत

बुलंद गोंदिया। जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने जल संकट कार्यक्रम चरण दो के तहत सार्वजनिक कुओं की गाद निकालने, सार्वजनिक कुओं का गहरीकरण, इनवैल बोर, नल योजना विशेष मरम्मत के 310 कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है. उक्त कार्यों पर 40 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

पंचायत समिति गोरेगांव में 116 उपचारात्मक योजनाओं का कार्य बजट और पंचायत समिति सलेक्सा में 194 उपचारात्मक योजनाओं का कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण जल आपूर्ति, जिला परिषद, गोंदिया जल अभाव कार्यक्रम 2022-23 चरण-2 सार्वजनिक कुओं से गाद निकालना, सार्वजनिक कुओं का गहरा करना इनवेल पंचायत समिति गोरेगांव में बोर, नल योजना, 116 उपचारात्मक योजनाओं व 194 उपचारात्मक योजनाओं की विशेष मरम्मत के लिए पंचायत समिति सालेकसा ने जिलाधिकारी को 310 कार्यों का बजट सौंपा था।

कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण जल आपूर्ति, जिला परिषद, गोंदिया ने प्रस्तुत जल संकट योजनान्तर्गत स्वीकृत योजनान्तर्गत पंचायत समिति गोरेगांव में 116 उपचारात्मक योजनाओं एवं पंचायत समिति सालेकसा में 194 उपचारात्मक योजनाओं के कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया. तदनुसार, जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने लिखित रूप से सूचित किया है कि 26 मई 2023 को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

गोरेगाव पंचायत समिति के अंतर्गत हीरापुर, हिरडामाली, पिंडकेपार, सिलेगाँव, पालखेड़ा, सटवा, गोंदेखारी, सोनेगांव, मेंगाटोला, हौसीटोला, वाघोली, बोरगांव, तेलनखेड़ी, बबई, घुमार्रा, हीराटोला, कमरगांव, दवडीपार, मोहाड़ी, गंनखैरा, खाडिपार, चिल्हाटी, मुंडीपार, यह बम्हनी, बोटे , मोहगांव (बी), दावा, टिमझरी, कटंगी (बी), शहरवानी, मोहगांव (टी), मालपुरी, टेढ़ा, तुमसर, म्हसगाव, आसलपाणी, निंबा व पिपरटोला (तानु) की 38 ग्राम पंचायतों में है।

सालेकसा पंचायत समिति भजेपार, बाम्हणी, बिजेपार, बिंझली, बोदलबोडी, दरबडा, दरेकसा, धानोली, गांधीटोला, गिरोला, गोर्रे, जमाकुडो, कडोतीटोला, कावराबांध, कोसमतर्रा, कोटजांभोरा, कोटरा, कुलरभट्टी, खेडेपार, खोलगड, लटोरी, लोहारा, मक्काटोला, मानागड, मुंडीपार, नान्हवा, नवेगाव, निंबा, पांढरवाणी, पाऊलदौणा, पाथरी, पिपरिया, पोवारीटोला, रोंढा, सातगाव, सोनपुरी, तिरखेडी, टोयागोंदी व झालिया 41 ग्राम पंचायतों में ये मरम्मत कार्य प्रस्तावित हैं।

आदेश में कहा गया है कि उपायों को लागू करते समय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली सभी शर्तों, मानदंडों और आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए. भूजल सर्वेक्षण एवं विकास प्राधिकरण, गोंदिया से जल उपलब्धता का प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। यदि उक्त कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति मिल भी गई हो तो भी यदि आवश्यक हो तो उक्त कार्यों को हाथ में लिया जाए। स्वीकृत योजना को शीघ्र पूरा कर क्रियान्वित किया जाय तथा प्रारम्भ होते ही प्रतिवेदन भिजवाया जाय तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन भिजवाया जाय।

उपविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, जिला परिषद, गोंदिया एवं तहसीलदार इस कार्य का नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण करें. आदेश में यह भी कहा गया है कि ऊपर दी गई उपचारात्मक योजनाओं से संबंधित सभी सूचनाओं के साथ-साथ सरकार द्वारा मांगी गई सूचनाओं को तुरंत उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग, जिला परिषद, गोंदिया की है।

सीता नवमी पर आयोजित महाआरती में शामिल हुए हजारों श्रध्दालु

बुलंद गोंदिया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी गोंदिया नगर उत्तराखंड द्वारा सीता माता नवमी के पावन दिवस के अवसर पर साईं बाबा मंदिर रिंग रोड गोंदिया में गुरुवार 25 मई को शाम 6:00 बजे महा आरती का आयोजन किया गया था। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर महाआरती की महाआरती में सर्वप्रथम साईं बाबा मंदिर में आरती होने के पश्चात भगवान भोलेनाथ नंदी की आकर्षक झांकी महा आरती का प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही महाआरती के पश्चात उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

रेत के टिप्पर के नीचे आने से शिक्षिका की मृत्यु

बुलंद गोंदिया। (संवाददाता तिरोड़ा) तिरोड़ा के शहीद मिश्रा स्कूल के समीप शुक्रवार 26 मई की सुबह 11:00 बजे के दौरान रेत से भरे टिप्पर की चपेट में आने से एक महिला शिक्षिका की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शिक्षिका अपनी दुपहिया वाहन प्लेजर एम एच 35 आर 6118 से जा रही थी। इसी दौरान महिला का संतुलन बिगड़ जाने से वह रेत से भरे टिप्पर क्रमांक एम एच 35 ए जे 1033 के पिछले पहिए के नीचे आ गई। इस दुर्घटना में ग्राम सरांडी में शिक्षिका के पद पर कार्यरत योगिनी प्रभूराज कुंभलकर उम्र 52 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी प्राप्त होती तिरोड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक महिला के शव को शासकीय उप जिला चिकित्सालय तिरोरा में पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की।

संपादकिय...

लोकतंत्र का नया प्रतीक क्यों है नए संसद भवन का उद्घाटन

पीएम मोदी ने रविवार को देश की नई संसद की ईमारत का उद्घाटन किया। अब देश को उसकी नई संसद मिल गई है। यह नया संसद भवन लोकतंत्र का नया प्रतीक है। यह देश के लोकतंत्र के इतिहास में महत्वपूर्ण पल है।

देश को नया संसद भवन मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अनुष्ठानपूर्वक इसका उद्घाटन किया। निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक इतिहास का यह एक महत्वपूर्ण पल है। हालांकि पुराने संसद भवन की भी अपनी अहमियत है और रहेगी। वह देश की लोकतांत्रिक यात्रा के संघर्षपूर्ण और चुनौतीपूर्ण ही नहीं, गौरवपूर्ण पलों का भी साक्षी रहा है। आजादी के बाद देश की पहली सरकार के गठन और उसके कामकाज की बात हो या आपातकाल के रूप में लोकतंत्र पर पहले बड़े आघात की या फिर उस हमले को नाकाम करते जनादेश की- हम हर चुनौती से और मजबूत होकर निकलते रहे और हमारा वह संसद भवन हमारी लोकतांत्रिक आभा से चमकता रहा। लेकिन कोई भी समाज और राष्ट्र नए और पुराने के अनवरत मेल से ही आगे बढ़ता है। लगभग एक सदी तक मरम्मत और विस्तार से काम चल गया, लेकिन धीरे-धीरे यह भी स्पष्ट हो गया कि अब सर्वथा नई इमारत की जरूरत है। उस लिहाज से कोविड जैसी प्रतिकूलताओं के बीच जितनी कम अवधि में यह पूरी इमारत तैयार कर ली गई, वह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। हालांकि यह सच है कि इसके निर्माण के समय और तरीके को लेकर शुरू से ही असहमतियां भी रहीं, लेकिन एक जीवित लोकतंत्र में यह कोई अनोखी बात नहीं है। उद्घाटन समारोह से जुड़े कई पहलुओं पर भी हमें अलग-अलग तरह की राय और टिप्पणियां सुनने को मिल रही हैं जो आगे भी चलती रहेंगी। यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है। हां, एक बात जरूर खटकने वाली रही कि ऐसे महत्वपूर्ण मौके पर विपक्ष की मौजूदगी नाम मात्र की ही रही। लगभग समूचे विपक्ष ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। इस बहिष्कार के कारणों से सहमति-असहमति हो सकती है, लेकिन बड़ी बात यह है कि वे कारण समय रहते दूर नहीं किए जा सके, बल्कि उन्हें दूर करने की कोई गंभीर पहल भी दोनों में से किसी पक्ष की ओर से नहीं दिखी। भारतीय लोकतंत्र की यह खूबी रही है कि तमाम मतभेदों और असहमतियों के होते हुए भी हमारा राजनीतिक नेतृत्व जरूरत पड़ने पर उनसे ऊपर उठने की क्षमता रखता है। ऐसे हर मौके पर उसने यह बात साबित भी की है। यह संभवत: पहला ऐसा बड़ा मौका है जिसमें दुनिया के सामने हमारे लोकतंत्र का विपक्षहीन चेहरा दिखा। हालांकि सकारात्मक पहलू यह है कि जो तस्वीर दुनिया के सामने गई वह हकीकत नहीं है। उद्घाटन समारोह में भले ही विपक्ष न दिखा हो, मगर देश में उसकी मजबूत उपस्थिति बनी हुई है। और देखा जाए तो उद्घाटन समारोह से उसकी अनुपस्थिति भी उसके विरोध को और प्रकारांतर से हमारे लोकतंत्र की जिजीविषा को ही रेखांकित कर रही थी।

तंबाकू के जहर में दर्दनाक घातक बीमारियों से धुंआ होती जिंदगियां

हमारे समाज और देश में तंबाकू का जहर पीढ़ी दर पीढ़ी को लगातार तबाह कर दर्दनाक मौत के कगार पर खड़ा कर रहा है। विडंबना देखिये कि तंबाकू जैसा नशीला घातक जहर हमारे आसपास बड़ी ही आसानी से उपलब्ध होता है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा वर्ग, महिला और बुजुर्ग तक तंबाकू की लत के आदी बन चुके है। घर-परिवार, चौराहा, बाजार, दफ्तर, संस्थान या कोई भी क्षेत्र हो, तंबाकू मुँह में दबाये या सिगरेट फूंकते अनेक लोग नजर आते है। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध होने के बावजूद भी लोग नियम तोड़ते है। आजकल तो शहरों में ई-सिगरेट का ट्रेंड खूब चल पड़ा है, जो नई पीढ़ी को आकर्षित कर रहा है। तंबाकू का सेवन बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, सिगार, चुट्टा, धुमती, चिलम, चेरूट, गुटखा, खैनी, जर्दा, तंबाकू पान मसाला, तंबाकू पान सुपारी, मावा, स्नस (चूसने वाला रूप), मिश्री, गुल, गुधाकू, सुंघनी या नसवार आदि के रूप में किया जाता है। तंबाकू जलाने पर उस धुएँ से निकलने वाले कई जहरीले रसायन और यौगिक मानव शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। तंबाकू से निकलनेवाला निकोटिन भी हेरोइन, कोकीन और अल्कोहल के समान ही नशे की लत है, यह निकोटिन सेकंड के भीतर मस्तिष्क तक पहुंच जाता है। धूम्रपान फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है, मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति कम कर सहनशक्ति को भी कम करता है, निकोटिन के अलावा तंबाकू में अमोनिया, आर्सेनिक, कार्बन मोनोऑक्साइड, टार, नेफ़थलीन, रेडियोधर्मी यौगिक, हाइड्रोजन साइनाइड, सीसा, चूना, कैडमियम, मेन्थॉल जैसे जहरीले तत्व होते है। तंबाकू मानवीय शरीर को घातक बीमारियों की ओर धकेलता है।

तंबाकू पीड़ादायक जानलेवा बीमारियों का निर्माणकर्ता

धूम्रपान करने वाले अन्यों के मुकाबले 13-14 साल पहले मर जाते है। हर साल, एचआईवी/एड्स, अवैध दवाओं, आत्महत्याओं, हत्याओं, सड़क दुर्घटनाओं और आग से संयुक्त रूप से जितने लोगों की मृत्यु होती है, उससे अधिक लोगों की मृत्यु तंबाकू से होती है। हर दिन 2800 और हर साल 10 लाख भारतीय तंबाकू संबंधित रोगों के कारण असमय जान गवाते है। 35-69 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए भारत में वर्ष 2011 में तंबाकू के उपयोग के कारण सभी बीमारियों से कुल आर्थिक लागत 1,04,500 करोड़ रुपये थी। धूम्रपान करने वालों को फेफड़ों के कैंसर होने की संभावना 20-25 गुना अधिक होती है, दिल का दौरा पड़ने की गुंजाईश 2-3 गुना ज्यादा, अचानक मौत का 3 गुना ज्यादा खतरा, स्ट्रोक का 2 गुना अधिक जोखिम, सांस की तकलीफ से पीड़ित होने की संभावना 3 गुना अधिक होती है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से फेफड़े, मुंह, होंठ, जीभ, भोजन नली, गले और मूत्राशय का कैंसर हो सकता है।

तंबाकू का धुआँ 70 कैंसर पैदा करने वाले तत्वों सहित 7,000 से अधिक रसायनों का एक जटिल मिश्रण है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 600,000 मौतें सेकंड हैंड स्मोक के कारण होती हैं। सेकंड हैंड धूम्रपान अर्थात हम धूम्रपान न करते हुए लेकिन धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आने से घातक बीमारियों का शिकार होते है। दुनिया के लगभग आधे बच्चे तंबाकू के धुएं से प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार मुख्य तथ्य

तंबाकू इसके आधे उपयोगकर्ताओं को मारता है। प्रत्येक सिगरेट जीवन को लगभग 8 से 11 मिनट तक कम कर देती है। तंबाकू हर साल 80 लाख से अधिक लोगों की जान लेता है। उन मौतों में से 70 लाख से अधिक सीधे तंबाकू के उपयोग का परिणाम हैं जबकि लगभग 12 लाख गैर-धूम्रपान करने वालों के दूसरे हाथ के धुएं के संपर्क में आने का परिणाम हैं। दुनिया के 130 करोड़ तंबाकू उपयोगकर्ताओं में से 80त्न से अधिक निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। 2020 में, वैश्विक आबादी का 22.3त्न, सभी पुरुषों का 36.7त्न और दुनिया की 7.8त्न महिलाओं ने तंबाकू का इस्तेमाल किया। भारत में हर साल लगभग 13.5 लाख लोगों की मृत्यु का कारण तंबाकू है, यानी एक दिन में औसतन 3,699 मौतें, 154 हर घंटे। प्रत्येक 5 में से 1 पुरुष की मृत्यु तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के कारण होती है।

देश में तंबाकू से बर्बादी की स्थिति

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा जारी नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम रिपोर्ट 2020, अनुसार देश में कैंसर के सभी मामलों में से 27त्न के लिए तंबाकू जिम्मेदार है। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे इंडिया 2016-17 के अनुसार, भारत में लगभग 26.7 करोड़ वयस्क तंबाकू के उपयोगकर्ता हैं। वर्ष 2017-18 में भारत में 35 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए तंबाकू के उपयोग से होने वाली सभी बीमारियों के कारण होने वाली कुल आर्थिक लागत 177341 करोड़ रुपये थी। देश के केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के नेशनल फैक्ट शीट ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (जीवाईटीएस-4), 2019 अनुसार, 13-15 आयु वर्ग के छात्रों में से लगभग पांचवां हिस्सा अपने जीवन में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का उपयोग करता है। लड़कों में तंबाकू सेवन की व्यापकता 9.6त्न और लड़कियों में 7.4त्न है। तंबाकू धूम्रपान का प्रचलन 7.3त्न है। धूम्ररहित तंबाकू उत्पाद के मामले में प्रसार 4.1त्न है। छात्रों के बीच ई-सिगरेट का उपयोग 2.8त्न है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में छात्रों के बीच तंबाकू का वर्तमान उपयोग अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम (प्रत्येक में 58त्न) से लेकर हिमाचल प्रदेश (1.1त्न) और कर्नाटक (1.2त्न) में सबसे कम है। तंबाकू की कुल लागत भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 1.04त्न के बराबर है, और डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रकाशित एक शोध के अनुसार, तंबाकू से संबंधित बीमारियों के इलाज पर प्रत्यक्ष स्वास्थ्य व्यय भारत में कुल वार्षिक निजी और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय का 5.3त्न है।

जागरूकता और समझदारी बचाएगी अनमोल जिंदगी

नशा सिर्फ नाश करता है, चाहे वह किसी भी चीज का हो। धूम्रपान करनेवाला व्यक्ति तो गंभीर बीमारियों का शिकार होकर जान गवांता ही है, लेकिन उस धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आनेवाले परिजन या वहां सांस लेने वाले अन्य लोग भी घातक बीमारियों के चपेट में आ जाते है जिसे सेकंड हैंड स्मोक करना कहते है। तंबाकू मनुष्य के शरीर को अंदर से पूरी तरह खोखला कर कमजोर बना देता है, शरीर खराब करके पीड़ादायक जानलेवा बीमारियां द्वारा असमय दर्दनाक मौत के मुँह में डाल देता है। ये अधिकतर बीमारियां भी बहुत खर्चीली होती है। इलाज के लिए जमा पूंजी खर्च करके, कर्ज के बोझ तले दबकर भी अनेक बार इन बीमारियों से छुटकारा नहीं मिलता है। हम अपनी अनमोल जिंदगियों को खुद ही घुट-घुट कर खत्म कर रहे है। तंबाकू की लत छुड़ाने के लिए सबसे आवश्यक जागरूकता, इच्छाशक्ति और समझदारी है। भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जाता है। तंबाकू छोड़ने के लिए नेशनल टोबैको क्विट लाइन सर्विसेज के टोल फ्री क्रमांक 1800 112 356 पर कॉल करें या इस नंबर 011-22901701 पर मिस्ड कॉल देकर तुरंत मदद पा सकते है।

देश के उज्जवल भविष्य को संवारने वाली पीढ़ी को हमें आज नशे के जहर से बचाना होगा। बच्चों को नशे से दूर रखने में पालक और शिक्षक की भूमिका बहुत अनमोल है। नशा न करें और दूसरों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करें। अपनी और अपनों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए नशा मुक्त जीवन का संकल्प करें।

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

तंबाकू की लत को काउंसलिंग और इलाज से किया जा सकता है ठीक

तंबाकू की लत सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट है। हम बचपन से सुनते आ रहे हैं कि गुटखा और तंबाकू खाने से मुंह का कैंसर होता है। गांव, शहर, राज्य, देश और दुनिया भर में जागरूकता पैदा की जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने सिगरेट के पैकेट पर कैंसर की भयावहता को दर्शाने वाली तस्वीरें प्रकाशित करना भी अनिवार्य कर दिया है और इसका सख्ती से पालन भी किया जा रहा है. हालांकि, तंबाकू का सेवन करने वालों और सिगरेट पीने वालों की संख्या कम होती नहीं दिख रही है। इस लत के कारण नागरिक खुद ही कैंसर जैसी बीमारी को न्यौता देते नजर आ रहे हैं. क्षणिक नशा और गुज़ारा करने के लिए जो लोग तम्बाकू और सिगरेट का सहारा लेते हैं, वे परिवार को कितना नुकसान पहुँचाते हैं, यह समझ से परे है।

तंबाकू के सेवन से दुनिया भर में हर साल करीब 63 लाख लोगों की मौत होती है। भारत में प्रतिदिन 2 हजार 500 लोग तंबाकू के कारण मरते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2030 तक तंबाकू के सेवन से 80 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाएगी। एक बीड़ी या सिगरेट पीने से इंसान की उम्र साढ़े पांच मिनट कम हो जाती है। मेडिकल एक्सपर्ट्स ने सर्वे से इसे लेकर चिंता जताई है। इसके समाधान के रूप में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया गया है और 31 मई को पूरे विश्व में तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारत में तंबाकू के सेवन से हर साल दस लाख लोगों को मुंह का कैंसर होता है। इनमें से एक तिहाई लोगों को मौत का सामना करना पड़ता है। इस साल तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने %हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं% की अवधारणा को लागू करने की घोषणा की है।

तम्बाकू सेवन के शारीरिक प्रभाव

तम्बाकू सेवन से मुँह और बालों में दुर्गंध आती है। धूम्रपान से दांत खराब हो जाते हैं। मसूड़े खराब हो जाते हैं और दांत खराब हो जाते हैं और अपनी ताकत खो देते हैं। दांतों पर चॉकलेट-पीले दाग। सूंघने की क्षमता कम होना। चेहरे पर झुर्रियां आ जाती हैं। शरीर में कमजोरी आ जाती है। हड्डियां भंगुर हो जाती हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है। आँखों में जलन। तंबाकू से मुंह, स्वरयंत्र, फेफड़े, गले, अन्नप्रणाली, मूत्राशय, गुर्दे, नाक, पेट, गर्भाशय और मुंह का कैंसर होता है। पुरुष का स्पर्म काउंट कम हो जाता है। जो महिलाएं तंबाकू उत्पादों का सेवन करती हैं उनमें प्रजनन क्षमता और महिलाओं में बांझपन कम होता है।

तम्बाकू सेवन बंद करने के लाभ

स्वस्थ जीवन, शारीरिक क्षमता में वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि। नशे की लत और इलाज का खर्च बच जाता है। पैसिव स्मोकिंग से होने वाली बीमारियों का खतरा घर के सदस्यों और करीबी दोस्तों को कम होता है। हमारा परिवार सुखी और संतुष्ट रहता है और पर्यावरण और राष्ट्रीय संपदा की रक्षा होती है।

तंबाकू छोड़ने के उपाय

अपने परिवार, रिश्तेदारों या दोस्तों को तंबाकू छोड़ने की तारीख की घोषणा करें। ऐसे लोगों से दूर रहें जो आपको धूम्रपान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। तंबाकू खाने की इच्छा होने पर 1 से 100 तक गिनें, प्राणायाम वैगेरे करें। चना, मूंगफली, सौंफ आदि खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। तंबाकू सेवन से शरीर में मौजूद जहरीले रसायनों को बाहर निकालने के लिए खूब पानी पिएं।

जिला सामान्य अस्पताल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मरीजों की काउंसलिंग की। हर महीने के पहले, तीसरे और चौथे बुधवार को कैंसर कैंप लगाया जाता है। स्कूलों में जाकर छात्रों की दांतों की काउंसलिंग कर स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाया जाता है।

31 मई 2023 को तंबाकू विरोधी दिवस के अवसर पर, स्वास्थ्य विभाग ने केटीएस जनरल अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है जैसे तंबाकू विरोधी जागरूकता रैली, जागरूकता नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता। हालांकि जिला सर्जन डा. अमरीश मोहबे व जिला मुख स्वास्थ्य अधिकारी डा. अनिल आटे ने अपील की है कि जिले के नागरिक इसका लाभ उठाएं।

- जिला सूचना कार्यालय, गोंदिया

पत्रकार तायवाडे गोरेगांव विधानसभा से बीआरएस के होंगे उमीदवार

बुलंद गोंदिया। पिछले अनेक वर्षों से सामाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पत्रकार राजेशकुमार तायवाड़े को आगामी विधानसभा चुनाव में तिरोड़ा गोरेगांव क्षेत्र से तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति से उम्मेदवारी मिलने की संभावना व्यक्त की का रही है। जानकारी मिली है कि तिरोडा गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र से एकोडी ग्राम के राजेशकुमार तायवाड़े पत्रकार के सामाजिक कार्यो में बेबाक तरीके से जारी जनसमस्याओं के हित हेतु कार्यो को देख एवं युवाओँ और ग्रामीण स्तर पर उनकी पकड़ को देख उन्हें तेलांगना के मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी बीआरएस से संभावित उम्मेदवार के रूप में देखा जा रहा है। भारत राष्ट्र समिति पार्टी ने गोंदिया-भंडारा जिले में अपनी जड़ें फैलाना शुरू कर दी है। यही कारण है कि 2019 में विधानसभा का अपक्ष चुनाव लड़ चुके राजेशकुमार तायवाड़े पत्रकार को युवा आइकॉन एवं तड़फदार चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। पत्रकार राजेशकुमार तायवाड़े ने अब तक अनेक जन समस्याओं को उठाकर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया है वही, प्रशासन स्तर भी आगे बढ़कर मदद करने बड़ा संघर्ष किया है। तिरोडा विधानसभा क्षेत्र में उनके जारी कार्यो को लेकर ही उनके समर्थक, चाहनेवाले, राजेशकुमार तायवाड़े को जनप्रतिनिधि के रूप में देख रहे है। संभावना है कि उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में तेलांगना के मुख्यमंत्री चष्टक की पार्टी बीआरएस से उम्मेदवारी मिलने की संभावना है।

बिजली के खंभे से टकराया टिप्पर

तिरोड़ा-तिरोड़ा - तुमसर मार्ग पर ग्राम पांजरा के पास अनियंत्रित टिप्पर मार्ग के विद्युत पोल से टकरा गया। इसके बाद विद्युत तार टूटकर गिर गया। इसके अलावा टिप्पर ने ट्रैक्टर एवं ट्राली को भी टक्कर मार दी। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। केवल वाहन, महावितरण का विद्युत पोल एवं ट्रैक्टर का नुकसान हो गया। यह घटना 28 मई को घटित हुई। जानकारी के अनुसार तुमसर से आ रहा टिप्पर क्रमांक एमएच 35 एजे 7626 के चालक का पांजरा ग्राम के पास वाहन से नियंत्रण छूट गया और टिप्पर विद्युत पोल से जा टकराया। इस दौरान मार्ग पर खड़े ट्रैक्टर को भी उसने टक्कर मार दिया। ट्रैक्टर चालक शैलेष नेवारे के खिलाफ तिरोड़ा पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

संजय गांधी निराधार व श्रावणबाल पेंशन योजना के 1197 करोड. वितरित -सुमंत भांगे

मुंबई-संजय गांधी निराश्रित अनुदान योजना एवं श्रावणबाळसेवा राज्य पेंशन योजना दोनों से हितग्राहियों को समय पर अनुदान सुनिश्चित करने के लिए संजय गांधी निराश्रित अनुदान योजना के तहत 445 करोड़ रुपये एवं श्रावणबाळ सेवा राज्य पेंशन योजना के तहत 752 करोड़ रुपये सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग द्वारा कुल 1197 करोड़ रुपये का वितरण कर हितग्राहियों को तत्काल वितरित किया जाए, सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के सचिव सुमंत भांगे ने सभी जिलों कलेक्टर को निर्देश दिए हैं। संजय गांधी निराश्रित अनुदान योजनान्तर्गत 18 से 65 वर्ष से कम आयु के निराश्रित पुरूष एवं महिलायें, अनाथ, सभी श्रेणी के नि:शक्तजन, ऐसे पुरूष एवं महिलायें जो तपेदिक, कैंसर, एड्स, कुष्ठ रोग, निराश्रित रोगों के कारण अपना जीवन व्यतीत नहीं कर सकते विधवा, तलाक की कार्यवाही और तलाकशुदा लेकिन गैर-रखरखाव, उत्पीड़ित और वेश्यावृत्ति से मुक्त महिलाओं, तीसरे पक्ष, देवदासी, 35 वर्ष से अधिक की अविवाहित महिलाओं, जेल की सजा काट रहे कैदियों की पत्नियां, सिकल सेल पीड़ित सभी को लाभ मिलता है। इस योजना में गरीबी रेखा से नीचे के परिवार की सूची में नाम होना या 21,000/- रुपये तक वार्षिक पारिवारिक आय होना आवश्यक है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 1000/- रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही श्रवणबल सेवा राज्य पेंशन योजना से 65 वर्ष एवं 65 वर्ष से अधिक आयु के पात्र हितग्राहियों, जिनका नाम गरीबी रेखा से नीचे के परिवार में है तथा जिनकी वार्षिक आय रू0 21,000/- से कम है, को रू. 1000/- की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। संजय गांधी निराश्रित अनुदान योजना एवं श्रवणबल सेवा राज्य पेंशन योजना की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए योजना के हितग्राहियों को आगामी अवधि में तत्काल वित्तीय सहायता वितरित करने की योजना अपने स्तर पर बनायें सचिव सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के सचिव भांगे ने दिया है।

गाद मुक्त बांध एवं गाद युक्त शिवार अभियान

